मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-436
06/07/2026

बिहार में बिपार्ड, पटना को मिला तीसरा आई0एस0ओ0 9001 : 2015 प्रमाण–पत्र

मुख्य बिंदु :–

- भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिपार्ड, गया और पटना में प्रशिक्षण क्षमता का और विस्तार करने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश।
- बिहार के प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर शासन व्यवस्था को मजबूत बनाने में बिपार्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।
- बिपार्ड में वर्ष भर नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और 365 दिनों तक प्रशिक्षण की व्यवस्था संचालित रहती है।
- बिपार्ड, गया और सामान्य प्रशासन विभाग को आई0एस0ओ0 प्रमाण–पत्र पहले प्रदान किया जा चुका है।

पटना 06 जुलाई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के समक्ष आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में बिपार्ड, पटना को बिहार में तीसरा आई0एस0ओ0 9001 : 2015 प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। आई0एस0ओ0 प्रमाणीकरण करने वाली संस्था के पदाधिकारी श्री तरूण स्वरूप ने बिपार्ड के महानिदेशक डॉ0 बी0 राजेन्दर को आई0एस0ओ0 9001 : 2015 प्रमाण–पत्र प्रदान किया। बिपार्ड, गया और सामान्य प्रशासन विभाग को आई0एस0ओ0 प्रमाण–पत्र पहले प्रदान किया जा चुका है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिपार्ड (बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान) को ISO 9001:2015 प्रमाण पत्र मिलने पर संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सर्टिफिकेट संस्थान की गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली, पारदर्शिता तथा उत्कृष्ट प्रशासनिक व्यवस्था का प्रमाण है। हम सभी के लिये यह गर्व और खुशी का अवसर है। बिपार्ड को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि हमारी संस्थायें विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य कर रही हैं। यह संस्थान बिहार के प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर शासन व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि बिपार्ड में वर्ष भर नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और 365 दिनों तक प्रशिक्षण की व्यवस्था संचालित रहती है। गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से प्रशासनिक दक्षता बढ़ती है तथा सुशासन को और मजबूती मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को सुशासन, गुणवत्ता, पारदर्शिता, उतरदायित्व और उत्कृष्ट लोक सेवा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करेंगे। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बिपार्ड, गया और पटना में प्रशिक्षण क्षमता का और विस्तार किया जाय। नवीन तकनीकों, आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों तथा प्रशासनिक नवाचारों को शामिल करते हुए संस्थान की कार्यक्षमता को निरंतर सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण अवसंरचना, संसाधनों, मानवबल तथा पाठ्यक्रमों को सुदृढ़ करने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना बनाकर प्रभावी ढंग से कार्य करते रहें ताकि दोनों संस्थान राज्य में क्षमता निर्माण एवं सुशासन के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित हो सकें।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव सह बिपार्ड के महानिदेशक डॉ0 बी0 राजेन्दर, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण तथा आई0एस0ओ0 प्रमाणीकरण करनेवाले संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

******